भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या: 2607**

गुरुवार, 16 मार्च, 2023/25 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

# पंजाब में कृषि उड़ान योजना

**2607. श्री रवनीत सिंह:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अगस्त, 2020 में कृषि उड़ान योजना के शुभारंभ के बाद से इससे जुड़े हवाईअड्डों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेष रूप से पंजाब राज्य में कुल संख्या कितनी है;

(ख) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर खाद्य सामग्री के परिवहन सहित योजना की प्रमुख उपलब्धियां क्या हैं;

(ग) क्या सरकार का भविष्य में कृषि उड़ान योजना से और अधिक हवाईअड्डों को जोड़ने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन में यदि कोई बाधाएं हैं तो उनका ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में सामने आ रही समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**<u>नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)</u>**

(क): कृषि उड़ान योजना में अन्य प्रदेशों/क्षेत्रों में स्थित 33 हवाईअड्डों के अलावा, पूर्वोत्तर, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मुख्य रूप से 25 हवाईअड्डों को समाहित किया गया है। कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत हवाईअड्डों की राज्य-वार सूची अनुबंध के तौर पर संलग्न है।

वर्तमान में, पंजाब के आदमपुर, अमृतसर और पठानकोट हवाईअड्डों को कृषि उड़ान योजना में शामिल किया गया है।

(ख) इस योजना का उद्देश्य, विशेष रूप से देश के पूर्वोत्तर, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों से आने वाले सभी कृषि उत्पादों के लिए निर्बाध, लागत प्रभावी, समयबद्ध, हवाई परिवहन और संबंधित प्रचालन-तंत्र सुनिश्चित करना है। कुछ सफल उदाहरणों में 'गुवाहाटी से लंदन तक किंग मिर्च, त्रिपुरा से लंदन और जर्मनी तक जैकफ्रूट, गुवाहाटी से लंदन तक असम के नींबू, गुवाहाटी से दुबई तक बर्मी अंगूर और दरभंगा से शेष भारत के लिए लीची का विमान परिवहन किया जाना शामिल है।

भारत भर में, पिछले तीन वर्षों के दौरान, खराब होने वाले (पेरिशेबल) कार्गो के टन भार का विवरण निम्नानुसार है:

(लाख मीट्रिक टन में )

| वित्त वर्ष | घरेलू | अंतर्राष्ट्रीय | कुल |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 0.47 | 1.63 | 2.10 |
| 2021-22 | 0.79 | 1.91 | 2.70 |
| 2022-23 (जनवरी तक) | 0.75 | 1.58 | 2.33 |

(ग) से (ङ) कृषि उड़ान योजना एक सतत योजना है और हितधारकों के परामर्श के साथ, समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाती है। कृषि उड़ान योजना एक अभिसरण योजना है जिसमें आठ मंत्रालय/विभाग, नामतः नागर विमानन मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्यपालन विभाग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, जनजातीय कार्य मंत्रालय और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, कृषि-उत्पाद के परिवहन हेतु अपनी मौजूदा योजनाओं की प्रभावन क्षमता, संभार तंत्र को मजबूत बनाएंगे।

************

दिनांक 16.03.2023 को दिए जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2607 के उत्तर में संदर्भित विवरण।

<u>अनुबंध</u>

**<u>कृषि उड़ान योजना 2.0 के अंतर्गत समाहित हवाईअड्डों की राज्य-वार सूची</u>**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | हवाईअड्डा |
|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार | 1. पोर्ट ब्लेयर |
| आंध्र प्रदेश | 2. विशाखापट्टनम |
| अरुणाचल प्रदेश | 3. तेजू |
| असम | 4. डिब्रूगढ़ |
| | 5. जोरहाट |
| | 6. लीलाबारी |
| | 7. रूपसी |
| | 8. सिलचर |
| | 9. तेजपुर |
| बिहार | 10. पटना |
| | 11. दरभंगा |
| चंडीगढ़ | 12. चंडीगढ़ |
| छत्तीसगढ़ | 13. रायपुर |
| गोवा | 14. गोवा |
| गुजरात | 15. भुज |
| | 16. जामनगर |
| | 17. राजकोट |
| हिमाचल प्रदेश | 18. भुंतर |
| | 19. गग्गल |
| | 20. शिमला |
| जम्मू एवं कश्मीर | 21. जम्मू |
| | 22. श्रीनगर |
| झारखंड | 23. रांची |
| कर्नाटक | 24. बेलगॉवी |
| केरल | 25. तिरुवनंतपुरम |
| लद्दाख | 26. लेह |
| लक्षद्वीप | 27. अगाति |
| मध्य प्रदेश | 28. इंदौर |
| | 29. भोपाल |
| | 30. जबलपुर |
| महाराष्ट्र | 31. नासिक |
| | 32. पुणे |
| मणिपुर | 33. इंफाल |

| | |
|---|---|
| मेघालय | 34. शिलांग |
| मिजोरम | 35. लेंगपुई |
| नागालैंड | 36. दीमापुर |
| ओडिशा | 37. झारसुगुड़ा |
| पंजाब | 38. आदमपुर |
| | 39. अमृतसर |
| | 40. पठानकोट |
| राजस्थान | 41. जैसलमेर |
| | 42. जोधपुर |
| सिक्किम | 43. पाक्योंग |
| तमिलनाडु | 44. कोयम्बटूर |
| | 45. तिरुचिरापल्ली |
| त्रिपुरा | 46. अगरतला |
| उत्तर प्रदेश | 47. आगरा |
| | 48. बरेली |
| | 49. गोरखपुर |
| | 50. हिंडन |
| | 51. कानपुर |
| | 52. प्रयागराज |
| | 53. वाराणसी |
| उत्तराखंड | 54. देहरादून |
| | 55. पंतनगर |
| | 56. पिथौरागढ़ |
| पश्चिम बंगाल | 57. बागडोगरा |
| | 58. कोलकाता |